दिनांक 18.10.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम क्षेत्र के संतोषी पारा वार्ड 25 में सार्वजनिक खाद्यान्न वितरण प्रणाली के लिए प्रस्तावित गोडाउन एवं दुकान की रिक्त भूमि पर हरेन्द्र यादव द्वारा किये जा रहे अतिक्रमण को जोन 03 के राजस्व अमला एवं तोड़फोड़ दस्ता ने ढ़हाया।

संतोषी पारा वार्ड 25 में स्थित मंगल भवन के पीछे सार्वजनिक खाद्यान्न वितरण प्रणाली के गोडाउन एवं दुकान निर्माण के लिए रिक्त रखे गये शासकीय भूमि पर वार्ड के ही हरेन्द्र यादव नामक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किये जाने की प्राप्त शिकायत पर आयुक्त के0एल0 चौहान ने राजस्व अमले को उक्त अतिक्रमण को तत्काल रोकने के निर्देश दिये थे। बुधवार को जोन 03 के सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चन्द्राकर, तोड़फोड़ दस्ता के यतीन्द्र नाथ देवांगन एवं उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर रिक्त भूमि में नींव डालकर किये जा रहे स्थायी निर्माण को ढ़हा दिया।

आयुक्त श्री चौहान ने सभी जोन आयुक्तों, राजस्व अधिकारी एवं सहायक राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया है कि निगम क्षेत्र में कहीं भी कोई अतिक्रमण न हो इसकी जांच नियमित रुप से किया जाये और पूर्व से हुए अतिक्रमण को सूचीबद्ध करें।

जन सम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई